केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 211 बुधवार 21 फरवरी 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### ओडीएफ प्लस गांवों की होगी थर्ड पार्टी आडिट

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जिले के ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों में होने वाले कार्यो का थर्ड पार्टी ऑडिट होगा। यह काम पंचायतीराज विभाग ने कराया। ऑडिट ब्लॉक स्तरीय चार अन्य विभागों के कर्मी करेंगे। इस संबंध में डीएम अंद्रा वामसी ने निर्देश जारी कर दिया है। ऑडिट का कार्य 90 दिनों में पूरा करना है।

डीएम अंद्रा वामसी के तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ने ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम घोषित करने के 90 दिन में थर्ड पार्टी ऑडिट होगा। ऑडिट टीम में मंडल, जिला, ब्लॉक के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। बस्ती जनपद में सत्र 2022–23 और 2023–24 में 1556 गांवों को ओडिएफ प्लस घोषित किया जाना है। इनमें से अभी तक 256 गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित किया जा चुका है। इनका थर्ड पार्टी सत्यापन होना है। डीएम ने इन गांवों के थर्ड पार्टी सत्यापन के लिए चार सदस्यों वाली टीम गठित कर दिया है। टीम में एडीओ आईएसबी, एडीओ सहकारिता, एडीओ समाज कल्याण और ब्लॉक के पशु चिकित्साधिकारी अथवा पशुधन प्रसार अधिकारी शामिल होंगे। डीएम ने कहा कि टीम में शामिल अधिकारियों का दायित्व होगा कि एक सप्ताह में ओडीएफ प्लस घोषित गांवों की सत्यापन आख्या बीडीओ कार्यालय में जमा करें। डीएम ने सत्यापन/ऑडिट के लिए फार्मेट भी जारी किया है।

### सूचना कार्यालय में तैनात लेखाकार रत्नेश के निधन पर शोक

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जिला सूचना कार्यालय संत कबीर नगर में तैनात तथा मंडलीय सूचना कार्यालय बस्ती का कार्य देख रहे लेखाकार रत्नेश चौधरी के आकस्मिक निधन पर जिला सूचना कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें सहायक निदेशक सूचना प्रभाकर तिवारी, अपर जिला सूचना अधिकारी हितेंद्र कुमार, प्रचार सहायक अश्वनी तिवारी, अब्दुल अहमद, ओम प्रकाश, जगदीश आदि उपस्थित रहे तथा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उल्लेखनीय है कि 17 फरवरी की रात को अचानक तबियत बिगड़ने पर उन्हें कैली अस्पताल में भर्ती कराया गया परंतु डॉक्टर के अथक प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया न जा सका। 18 फरवरी को उनका अंतिम संस्कार अयोध्या में किया गया। उनके परिवार में पत्नी एवं दो छोटे बच्चों के अलावा माता–पिता एवं भाई–बहन है।

प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद उपाध्याय की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया तथा 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक व्यक्त करने वालों में पत्रकार कृष्ण प्रताप सिंह, संदीप गोयल, देवेन्द्र पाण्डेय, महेन्द्र तिवारी, चन्द्र प्रकाश शर्मा, सुनील मिश्र, बशिष्ठ पाण्डेय, विश्राम प्रसाद, अनुराग श्रीवास्तव, शहंशाह आलम, चन्द्रभूषण श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, राजेन्द्र उपाध्याय, दिनेश पाण्डेय, सर्वेश श्रीवास्तव, लवकुश सिंह, अमर सोनी सहित अनेक लोग शामिल रहे।

### आई.ए.एस. हेमन्त राव करेंगे हर्रैया तहसील का निरीक्षण

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । अध्यक्ष राजस्व परिषद, आई.ए.एस. हेमन्त राव 21 फरवरी को जनपद के हर्रैया तहसील में आयेंगे। उक्त जानकारी प्रभारी अधिकारी विशिष्टजन ने दी है। उन्होने बताया कि वे 1 बजे तहसील हर्रैया का निरीक्षण करेंगे। 4 बजे जिलाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण तथा मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी के साथ राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं/कार्यकमों एवं राजस्व वादों के संबंध में चर्चा करेंगे। उन्होने बताया कि 22 फरवरी प्रातः 10 बजे जनपद अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसलाः आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार चंडीगढ़ के मेयर घोषित

**नई दिल्ली (आभा)।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय बेंच ने आदेश दिया है कि मेयर चुनाव में अमान्य किए गए 8 बैलेट पेपर मान्य माने जाएंगे। जिसके बाद आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया गया।

पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को 12 वोट मिले थे। आठ मतों को गलत तरीके से अमान्य करार दे दिया गया। बाद में ये आठ वोट याचिकाकर्ता के पक्ष में पाए गए। इस तरह आठ मतों को जोड़ देने पर याचिकाकर्ता के 20 वोट हो जाते हैं। लिहाजा, आप पार्षद और याचिकाकर्ता कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ नगर निगम के महापौर पद पर निर्वाचित घोषित किया जाता है।



पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा भाजपा प्रत्याशी को विजेता घोषित करने का फैसला अमान्य है।

बेंच ने कहा कि पीठासीन अधिकारी ने पहले तो महापौर चुनाव की प्रक्रिया में गैरकानूनी तरीके से तब्दीली की। इसके बाद उन्होंने 19 फरवरी को इस अदालत के समक्ष झूठ कहा। इससे पहले अदालत ने 30 जनवरी को हुए मतदान के बैलेट पेपर की जांच की। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप उम्मीदवार के पक्ष में डाले गए आठ वोटों पर अतिरिक्त निशान थे। कोर्ट ने कहा कि निशान लगे बैलेट पेपर गिने जाएंगे जिसके बाद विजेता का नाम घोषित होगा। वहीं कोर्ट की टिप्पणी के बाद आम आदमी पार्टी में जश्न शुरू हो गया है। चंडीगढ़ के मेयर बने कुलदीप कुमार ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहता हूं. यह चंडीगढ़ के लोगों और भारत गठबंधन की जीत है। इससे पता चलता है कि भाजपा अपराजेय नहीं है और अगर हम एकजुट रहें तो हम उन्हें हरा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने खुशी जताई। मान ने कहा कि आखिरकार सत्य की जीत हुई. ..चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं... पीठासीन अधिकारी द्वारा खारिज किए गए 8 वोटों को सही ठहराते हुए सीजेआई ने आप के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया. .. लोकतंत्र की इस महान जीत पर चंडीगढ़वासियों को बहुत–बहुत बधाई।

## बिजली अभियंताओं पर लटकी कार्रवाई की तलवार

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। बिजली विभाग के अभियंताओं पर कम राजस्व को लेकर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। एक अधिशासी अभियंता को चार्जशीट थमाई गई है, जबकि एक अन्य को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा पांच एसडीओ व 10 अवर अभियंताओं से भी कम राजस्व वसूली पर जवाब–तलब किया गया है। मुख्य अभियंता बस्ती जोन एसके सरोज ने बताया कि एमडी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम वाराणसी की समीक्षा में जिस खंड, उपखंड व उपकेंद्र का राजस्व कम मिला है। उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

एमडी ने पिछले दिनों मुख्य अभियंता कार्यालय में तीनों जिलों के अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक की थी। राजस्व की समीक्षा के दौरान कुछ खंडों की प्रगति काफी खराब मिली थी। इसे देखते हुए अधिशासी अभियंता खंड प्रथम सिद्धार्थनगर को चार्जशीट जारी करने व अधिशासी अभियंता प्रथम बस्ती को शोकॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। मुख्य अभियंता कार्यालय स्तर से अब इस पर कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा पांच एसडीओ को राजस्व की खराब प्रगति पर तथा 10 अवर अभियंताओं के खराब टर्नअप को देखते हुए सभी से जवाब–तलब किया गया है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुये बस्ती के कांग्रेसी



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी के लखनऊ आगमन पर बड़ी संख्या में बस्ती से कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुये।

कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव नोमान अहमद ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू', गिरीश चन्द्र पाण्डेय, बसन्त चौधरी, नर्वदेश्वर शुक्ल, विजय गुप्ता, जयकरन वर्मा, भूमिधर गुप्ता, विनोद पाण्डेय, अरूण कुमार पाण्डेय, सन्तोष के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी शामिल रहे।

नोमान अहमद ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जिस प्रकार से लोग उमड़े उससे तय है कि कांग्रेस अपनी खोयी हुई प्रतिष्ठा वापस लेगी। जनता का उत्साह देखने लायक था। निश्चित रूप से भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उत्तर प्रदेश में भी व्यापक प्रभाव पड़ेगा और आगामी लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस निर्णायक जीत हासिल करेगी।

## सामूहिक रूद्राभिषेक के लिये भूमि पूजन 24 को



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। सनातन धर्म चेतना चैरिटेबल ट्रस्ट की बैठक लोहिया काम्प्लेक्स में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सामूहिक रुद्राभिषेक के व्यवस्था प्रबन्धन पर विस्तृत चर्चा करके आयोजन समिति का गठन किया गया । आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों ने यथासम्भव सहयोग करके आयोजन को दिव्यता से सम्पन्न कराने का संकल्प व्यक्त किया।

संस्था के अध्यक्ष राजेश मिश्र ने उपस्थित लोगों से कहा कि धर्म रक्षा अभियान के अन्तर्गत पूर्व की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के दिन अमहट घाट स्थित सिद्धेश्वरनाथ शिव मन्दिर के समक्ष विश्व कल्याण के निमित्त सामूहिक रुद्राभिषेक होना सुनिश्चित है।

श्री रुद्राभिषेक आयोजन को अबाध सम्पन्न कराने हेतु 24 फरवरी शनिवार को सुबह 10 बजे से 108 श्री हनुमान चालीसा पाठ करने के बाद भूमि पूजन एवं हवन व भण्डारा प्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में अमरेन्द्र पाण्डेय एडवोकेट, प्रदीप चन्द्र पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, बबलू मिश्रा, अजय श्रीवास्तव, राजेश चित्रगुप्त,विशाल पाण्डेय, हरिनाथ चौधरी, अपूर्व शुक्ल, महेन्द्र तिवारी, राहुल मिश्र, शिवेश शुक्ल, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उमड़े लोग–बोले राहुल गांधी–डरो नहीं लड़ो

लखनऊ (आभा)।कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रायबरेली , लखनऊ में स्वागत किया गया। रायबरेली में उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि डरना नहीं है। जाति जनगणना के लिए लड़ना है। जब तक जाति जनगणना नहीं होगी तब तक 73 फीसदी लोगों को पोस्टर लेकर सड़क पर भटकना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि ओबीसी और दलितों के हक पर डाका डाला जा रहा है। यही वजह है कि दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों की कहीं भी भागीदारी नहीं है। उन्होंने 69000 शिक्षकों की भर्ती से जुड़े अभ्यर्थी को मंच पर बुलाकर समस्या पूछी और उसी के बहाने अपना पूरा वक्तव्य दलित और पिछड़ों पर केंद्रित किया।

मां सोनिया गांधी के राजस्थान से राज्यसभा सांसद का परचा भरने के बाद से कयास लगाए जा रहे हैं कि गांधी परिवार का ही कोई सदस्य रायबरेली से लोकसभा का चुनाव



लड़ेगा। इस बीच सोनिया ने अपनी संसदीय क्षेत्र की जनता को भावुक पत्र भी लिखा था। भावुक पत्र मिलने के बाद से आमजन भी चाह रहे हैं कि गांधी परिवार का ही कोई सदस्य यहां से चुनाव लड़े।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का भविष्य शराब पिए सड़क पर लेटते हुए नशे में नाच रहा है. उन्होंने इस दौरान राम मंदिर का भी जिक्र किया।

रायबरेली में भारत जोडो न्याय यात्रा कर रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, 'आपका देश में कोई काम नहीं बचा, मैं वाराणसी गया. यहां रात को देखा कि बाजा बज रहा है और शराब पिएं सड़क पर लेटते हुए यूपी का भविष्य नाच रहा है. दूसरी तरफ राम मंदिर में पीएम नरेंद्र मोदी, अंबानी और हिंदुस्तान के अरबपति दिखते हैं.'' दरअसल, वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है।

राहुल गांधी ने कहा कि देश में बच्चों से कहा जाता है कि पढ़ाई करो, ताकि नौकरी मिल सके. पढ़ाई में लाखों रुपये खर्च करने के बाद जब बच्चे परीक्षा देते हैं तो पेपर लीक हो जाता है. आपको नौकरी नहीं मिलती है, लेकिन कुछ लोगों को बिना कुछ किए नौकरी मिल जाती है. ये है युवाओं का भविष्य।

राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान में जब आप 200 बड़ी कंपनियों को देखेंगे तो उनमें एक भी ओबीसी, दलित, आदिवासी वर्ग के लोग नहीं मिलेंगे. आप मनरेगा, कॉन्ट्रैक्ट लेबर की लिस्ट देखेंगे तो उसमें ओबीसी, दलित, आदिवासी वर्ग के लोग दिखेंगे. उन्होंने दावा किया कि युवा हमारे साथ हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से हुआ लेकिन उसमें दलितों को प्रवेश नहीं मिला. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भी वहां नहीं आने दिया गया, बड़े–बड़े पैसे वाले लोग जरूर दिखाई दिए।

## अब विभागों के मकड़जाल में नहीं उलझती फाइलें –योगी

**लखनऊ (आभा)।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दूसरे दिन मंगलवार को एफडीआई पर आयोजित सेमिनार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अनलिमिटेड पोटेंशियल स्टेट के रूप में खुद को स्थापित करने वाले उत्तर प्रदेश में अब शासन और विभागों के मकड़जाल में फाइलें नहीं उलझती और यही कारण है कि निवेश के लिहाज से यह राज्य हर उद्योगपति का चहेता बन चुका है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश–निवेश प्रदेश के तहत मेन हैंगर में आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव 'यूपी–इमर्जिंग डेस्टिनेशन फॉर फॉरेन इनवेस्टमेंट इन इंडियाश को सीएम योगी ने संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि यूपी ने नया प्रयास प्रारंभ किया है। पहले यहां शासन व विभागों के मकड़जाल में फाइल उलझ जाती थी। आज सिंगल विंडो पोर्टल 'निवेश मित्र' उद्यमियों की सेवा के लिए समर्पित है। एमओयू मॉनीटरिंग के लिए 'निवेश सारथी' पोर्टल निवेशकों की सेवा के लिए कार्य कर रहा है। यूपी में निवेशकों के लिए इन्सेंटिव मॉनीटरिंग सिस्टम प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है। तकनीक का उपयोग करते हुए आपकी समस्या के समाधान के लिए इसे और भी अच्छा बनाने का प्रयास किया गया है। यूपी अपने निवेशकों के हितों को संरक्षण देने के लिए तैयार है। उन्होने निवेशकों को आश्वस्त किया कि उनका निवेश यूपी में सुरक्षित होगा और बिजनेस का नया आनंद प्रदान करने में योगदान देगा।

योगी ने कहा कि छह–सात वर्षों में उत्तर प्रदेश ने अपनी छवि को बदला है। आज ये नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश है। सात वर्ष पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य हुआ करता था। उत्तर प्रदेश देश के विकास का बैरियर माना जाता था, लेकिन आज उत्तर प्रदेश ने खुद को बीमारू राज्य की श्रेणी से उबारकर देश के अनलिमिटेड पोटेंशियल स्टेट के रूप में स्थापित किया है। हमारे पास प्रकृति भी है, परमात्मा भी है और प्रतिभा से भरपूर युवा भी हैं। सात वर्षों में यूपी की अर्थव्यस्था व प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने में सफलता प्राप्त हुई है।

## वार्ता विफल, दिल्ली कूंच पर अड़े किसान

**नई दिल्ली (आभा)।** एमसएपी और कर्ज माफी सहित कई मांगों को लेकर दिल्ली कूच पर अड़े किसानों ने केंद्र सरकार के साथ चौथे दौर की वार्ता में दिए गए प्रस्वात को ठुकरा दिया है। किसान नेताओं ने मांगें न मानने पर 21 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बची हुई मांगों पर भी सरकार से जवाब मांगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हम बैठक में पहले पहुंच जाते हैं और सरकार के नुमाइंदे तीन–तीन घंटे देरी से आ रहे हैं, जिससे उनकी गंभीरता दिखती है। उन्होंने कहा सरकार 23 फसलों पर एमएसपी की



गारंटी अभी दे और बाद में जो फसलें बचेंगी उन पर भी स्टडी करके गारंटी दे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसान नेताओं ने कहा कि हमें आराम से दिल्ली जाने दें या फिर हमारी मांगों पर फैसले लें। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने बताया कि किसानों ने प्रस्ताव को रद्द कर दिया है। सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि सरकार की नीयत में खोट है। चंडीगढ़ में एक दिन पहले हुई किसान संगठनों और केंद्रीय मंत्रियों की चौथे दौर की वार्ता में केंद्र ने किसानों को प्रस्ताव दिया था कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बैठक के बाद पत्रकारों को बताया था कि केंद्र सरकार चार और फसलों पर एमएसपी देने को तैयार हो गई। केंद्र सरकार की ओर से धान और गेहूं के अलावा मसूर, उड़द, मक्की और कपास की फसल पर भी एमएसपी देने का प्रस्ताव पेश किया गया, लेकिन इसके लिए किसानों को भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड) और भारतीय कपास निगम (सीसीआई) से पांच साल का करार करना होगा।

## वन कर्मियों ने जहरीले सांप को जंगल में छोड़ा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। कप्तानगंज विकास खंड के पगार गांव में वन कर्मियों ने मंगलवार को जहरीले सांप रसल वाइपर को पकड़ा। बाद में उसे जंगल में छोड़ दिया गया।

कप्तानगंज वन रेंज के पगार गांव के उत्तर झाड़ियों के बीच के अजगर जैसे सांप को ग्रामीणों ने देखा। गांववालों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। डिप्टी रेंजर ज्ञान प्रकाश गौतम ने वनकर्मी संजय कुमार, रवीन्द्र सिंह, सुनील कुमार मिश्रा टीम को पगार गांव भेजा। वहां पर टीम ने झाड़ियों के बीच ईंट को हटवाया। ईंटों के



बीच छिपे एक बड़े सांप को वन संजय कुमार ने पकड़ा। बाद में इस सांप की पहचान रसल वाइपर के रूप में हुई।

वन कर्मियों ने उसे डिब्बे में बंद कर जंगल में छोड़ दिया। डिप्टी रेंजर ज्ञान प्रकाश गौतम ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर टीम भेजा गया था। सांप को पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया गया है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने छोड़ी सपा एमएलसी पद से भी त्याग पत्र दिया



**लखनऊ (आभा)।** स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी से अपना रिश्ता पूरी तरह से तोड़ लिया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से 13 फरवरी को ही इस्तीफा दे दिया था। मंगलवार को उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और एमएलसी पद से भी इस्तीफा दे दिया। इसके पहले अखिलेश यादव के सोमवार को दिए बयान को इंगित करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा था कि उनकी (अखिलेश की) सरकार न तो केंद्र में है और न ही प्रदेश में है, कुछ देने की हैसियत में नहीं है। उन्होंने जो भी दिया है वह मैं उन्हें सम्मान के साथ वापस कर दूंगा। मेरे लिए पद नहीं विचार मायने रखता है... अखिलेश यादव की कही हुई बात उन्हें मुबारक। सोमवार को अखिलेश यादव ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बागी तेवरों के बारे में पूछे जाने पर कहा था कि किसी के मन क्या है यह कैसे जाना जा सकता है। कुछ लोग लाभ के लिए आते हैं और लाभ लेकर चले जाते हैं।

अखिलेश की इस टिप्पणी पर सोमवार को भी स्वामी प्रसाद मौर्य जमकर भड़के थे। सोमवार को पता चला था कि स्वामी प्रसाद मौर्य अपनी अलग पार्टी बना रहे हैं। इस पार्टी का झंडा भी सामने आया था। स्वामी प्रसाद मौर्य ने बताया था कि 22 फरवरी को वह दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। माना जा रहा है कि इसी कार्यक्रम में उनके अगले कदम का खुलासा होगा। स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' के जरिए अपने इस्तीफे की जानकारी दी। साथ ही दोनों पदों से इस्तीफे की प्रतियां भी पोस्ट कर दीं।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव समाजवादी विचारधारा के विपरीत जा रहे हैं। मैं 22 फरवरी को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एक कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से बातचीत के बाद पार्टी बनाने के अपने फैसले का उद्घोष भी करूंगा। विधानपरिषद सभापति को भेजे अपने इस्तीफे में स्वामी प्रसाद मौर्य ने लिखा है, 'मैं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में विधानसभा, उत्तर प्रदेश निर्वाचन क्षेत्र से सदस्य्य विधान परिषद निर्वाचित हुआ हूं। चूंकि मैंने समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है अस्तु नैतिकता के आधार पर विधान परिषद, उत्तर प्रदेश की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे रहा हूं। कृप्या इसे स्वीकार करने की कृपा करें।

